1963 no3

❀ ओ३म् तत्सत् ❀

सहज मार्ग

SAHAJ MARGA

वर्ष ७ Year 7

अंक ३ Number 3

श्री रामचन्द्र मिशन, शाहजहांपुर (उ०प्र०)
(भारतवर्ष)

Shri Ram Chandra Mission
Shahjahanpur, U. P. (India)

सम्पादक मण्डल
काशीराम अग्रवाल, शाहजहाँपुर
सूर्यप्रसाद श्रीवास्तव, लखीमपुर-खीरी (उ०प्र०)

वार्षिक मूल्य ३) 1963 NO·3 एक अंक १)

प्रकाशक— श्री रामचन्द्र मिशन पब्लिकेशन डिपार्टमेन्ट शाहजहांपुर
उत्तर प्रदेश (इन्डिया)

विषय सूची—

क्र०सं०	विषय	लेखक	पृष्ठ
१—	प्रार्थना		
२—	सम्पादकीय		२
३—	श्री रामचन्द्र मिशन की स्थापना का कारण	श्री रामदास गुप्ता तिनसुकिया (आसाम)	३ ४
४—	साधना	समर्थ गुरु महात्मा रामचन्द्र जी महाराज, फतेहगढ़	६
५—	आत्मोन्नति के साधन	श्री रामचन्द्र जी, अध्यक्ष श्री रामचन्द्र मिशन	१४
६—	नसीहतें या शिक्षा	कु० कस्तूरी चतुर्वेदी	२२
७—	हमारा ध्येय	श्री बालकराम, सीतापुर	२६
8—	Way to peace	Sri Ram Chandra ji President	33
9—	A happy exchange	Sri Ishwar Sahai	36
10—	Beloved or lover	Sri Raghavendra Rao	41
11—	My master of this world & beyond	Ram Chandra Saxena	44
12—	Talks on efficacy of Rajyoga	Dr. K. C. Varadachari	49
13—	Universal Mission	G. Dattaraj Nartak	55
14—	Heart & Meditation	Dr. L. P. Srivastava Fatehgarh	61

(सर्वाधिकार सुरक्षित)

Teachings of Sahaj Marga

1. Have firm faith in God—the One Absolute—and live in Him.
2. The two phases of life, the worldly and the divine, must go side by side, in conjunction with each other, and must be attended to without least neglect of either.
3. Take everything in the sense of duty and attend to it without any feeling of attraction or repulsion.
4. Love all beings with a spirit of service and sacrifice.
5. Give everyone his fair dues, treating him as your own.
6. Treat elders with respect and younger with affection, abiding by the general rules of ettiquette.
7. Meet adversity with resignation, banishing from the heart, feeling of anger or vengence.
8. Follow toleration and moderation in all activities of life.
9. Aim at the highest, putting in honest and sincere efforts for its achievement.

———

सहज मार्ग

उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत ।

(उठोजागो !! गुरुजनों को प्राप्त कर ज्ञान-लाभ करो)

वर्ष ७] शाकाब्द १८८५, सं० २०२० विक्रमी [Year 7

अङ्क ३] Year 1963 [No. 3

प्रार्थना

हे नाथ, तू ही मनुष्य-जीवन का ध्येय है।
हमारी इच्छायें हमारी उन्नति में बाधक हैं।
तू ही हमारा एकमात्र स्वामी और इष्ट है।
बिना तेरी सहायता तेरी प्राप्ति असम्भव है।

O, Master !
Thou art the real goal of human life
We are yet but slaves of wishes
putting bar to our advancement.
Thou art the only God and Power
to living me upto that stage.

सम्पादकीय—

परम तत्व का साक्षात्कार प्राप्त करने के लिए समयानुसार साधना के क्षेत्र में नये नये प्रयोग होते रहे हैं। सर्वोत्तम साधना के रूप में राजयोग का भारतवर्ष में अपना विशिष्ट स्थान रहा है। किन्तु समय के प्रवाह के साथ ही दुर्भाग्यवश कुछ ऐसी राजनीतिक तथा सामाजिक परिस्थितियां आईं कि जिनके कारण आत्म चिन्तन के क्षेत्र में बौद्धिकता और पांडित्य प्रदर्शन की प्रवृत्तियों का प्राबल्य होता गया। जिसके फलस्वरूप साधना का प्रयोगात्मक पक्ष लुप्त हो गया और राजयोग की साधना भी अपने मौलिक रूप को खोकर कठिन आग्राह्य एवं रूढ़ि ग्रस्त होकर प्रभाव हीन हो गई है।

हर्ष की बात है कि फतेहगढ़ निवासी महात्मा रामचन्द्र जी के स्तुत्य प्रयास से राजयोग की साधना के इतिहास का नवीन अध्याय 'सहज मार्ग' के रूप में आरम्भ हुआ। परम श्रद्धेय महात्मा रामचन्द्र जी अध्यक्ष श्री रामचन्द्र मिशन शाहजहांपुर ने अपनी जीवन व्यापी समस्त साधना से उसे नवीन उत्कर्ष प्रदान कर, जन जीवन के लिए उसे अत्यन्त सरल-सुगम एवं ग्राह्य बना दिया। 'सहज' मार्ग की अपनी कुछ विशिष्टतायें हैं जो लौकिक तथा पारमार्थिक जीवन में मंजुल सामञ्जस्य स्थापित कर खोये हुए संतुलन को पाने में अत्यधिक सहायक सिद्ध हो रही है।

गत अक्टूबर नोवम्बर में आसाम के कुछ लब्ध प्रतिष्ठ महानुभावों के अनुरोध पर मिशन के अध्यक्ष पूजनीय महात्मा रामचन्द्र जी ने इस वर्ष भी आसाम तथा कलकत्ता का व्यापक दौरा किया और सहज मार्ग, के दिव्य संदेशों से वहाँ के निवासियों को लाभान्वित करते हुए 'सहज मार्ग' की साधना प्रक्रिया और उसके लक्ष्य पर विस्तार के साथ प्रकाश डाला। स्थान स्थान पर वहां के निवासियों ने प्रति दिन विराट सभाओं का आयोजन किया जो उनके उत्साह और जिज्ञासा की उत्कृष्ट प्रमाण था।

श्रद्धेय बाबू जी की अंग्रेजी पुस्तक Reality at Dawn, का हिन्दी भाषा में अनुवाद हो चुका है शीघ्र ही प्रेस में जा रही है। जर्मनी भाषा में भी अनुवाद लगभग हो चुका है अंग्रेजी, तामिल-तेलगू-कैनरीज, भाषाओं में छप चुकी हैं।

हमारा वार्षिक वसन्तोत्सव १९ जनवरी १९६४ को होगा। इस शुभ अवसर पर आसाम, बंगाल, तिब्बत, पंजाब, कलकत्ता, दक्षिणभारत, एवं बिहार आदि स्थानों से सत्संगी भाई बहिने पधारते हैं यह उत्सव तीन दिन (१८ जनवरी से २० जनवरी) तक मनाया जाता है।

श्री रामचन्द्र मिशन की स्थापना का कारण

(श्री रामदास गुप्ता तिनसुकिया आसाम)

प्रश्न उठता है जब हमारे देश में इतने मिशन कार्यरत हैं तब इस श्री रामचन्द्र मिशन के स्थापना की क्या आवश्यकता थी ? प्रश्न जितना ज्वलंत है उत्तर भी उतना ही प्राज्वल्य है। परन्तु उत्तर प्राप्ति के लिए इसकी स्थापना की पृष्ठभूमि पर दृष्टिपात करना आवश्यक होगा।

जब भी किसी संत विचारक या मनीषी ने किसी संस्था की स्थापना की उसमें उनका सात्विक उद्देश्य जो कि समयानुकूल भी था, अवश्यनिहित रहा है। यहाँ तक कि जिन्हें हम अवतार वर्ग में लेते हैं उनके भी उद्देश्य प्राप्ति के साधन में विभिन्नता रही है। एक को हम पुरुषोत्तम राम कहते हैं दूसरे को योगेश्वर कृष्ण। योगेश्वर राम या पुरुषोत्तम कृष्ण नहीं कहते। एक ने धनुष धारण कर राक्षस बध किया धर्म एवं सुशासन की स्थापना की। दूसरे ने मुरली धारण कर माधुर्य्य बिखेरा, चक्रधारी बन आततायियों का विनाश किया। शान्ति स्थापनार्थ आवश्यक समझा तो भाई भाई में युद्ध करा अठारह अक्षोहिणी की वीराहुति कराने में भी नहीं हिचके। तात्पर्य यह कि आवश्यकता तथा समय की गति के अनुसार ही उद्देश्य व साधन प्रस्तुत किये गये। महात्मा गांधी ने पराधीनता की दयनीयता देखी, उद्धार के लिए शक्ति सन्तुलन का अभाव भी देखा। तभी उन्होंने एकता व सत्य अहिंसा

का साधन दिया। जिसके परिणाम स्वरूप ही हम अपने को स्वतन्त्र कहने के अधिकारी बने।

समय द्रुतगति से गुजरता गया आज हम सरकते सरकते राकेट युग में प्रवेश कर गये हैं। आज विज्ञान ने हमें भौतिक सुख साधन की इतनी उपलब्धियां दी है कि हम आत्मविभोर हो गये हैं। मात्र एक भौतिक वादी बन कर ही रह गये हैं प्रश्न यह उठता है कि इतनी उपलब्धियों के बाद भी क्या हम सुखी हुए। उत्तर नकारात्मक ही मिलता है।

इसका एकमात्र कारण यही है कि इन भौतिक उपलब्धियों के गलत प्रयोग ने हमारे मानसिक विकारों (कामक्रोध लोभ मोह अहंकार) की और परिपुष्टि ही की है। अधोगति ही हुई उर्ध्वगति का ध्यान ही न रहा। हमने अपनी आत्मा की पुकार की बिल्कुल ही अवहेलना कर दी। परिणामस्वरूप मनः शक्तियों का सन्तुलन-बिगड़ गया।

हम चाहते हैं हमारे परिवार का हर व्यक्ति हमारे रामायण के पात्रों जैसा कर्तव्य निष्ठ व सत्यनिष्ठ हो राष्ट्र का हर व्यक्ति सदाचारी हो। लेकिन यह चाहना सम्भव कैसे हो। हम काम चाहते हैं राम का सा और मन रखते है रावण का सा। जो कभी सम्भव नहीं। यदि हम राम सा काम चाहते हैं तो मन भी राम का सा ही रखना होगा। अतः यह हो जाता है कि लौकिक या पारलौकिक सुखी जीवन के लिए मन का सन्तुलित होना परमावश्यक है। इसी मन के असन्तुलन ने हमारे पारिवारिक जीवन को छिन्नभिन्न तथा राष्ट्रीय जीवन को अस्त व्यस्त कर दिया है।

इन्हीं गम्भीर समस्याओं के विचारक फतेहगढ़ निवासी महात्मा श्री रामचन्द्र जी हुए। वे एक सद्गृहस्थ थे। उन्होंने ग्राह-स्तिक जीवन की हर कठिनाइयों को ध्यान में रखा। जिन ऋषि महर्षियों ने गृहस्थ जीवन को आध्यात्मिक मार्ग में बाधक माना उस पर भी उन्होंने विचार किया जिसके चलते सन्यासियों तथा गृहस्थों के बीच एक गहरी खाई का भी अनुभव किया। मन के दुर्दमन के परिणाम की जानकारी के लिए इतिहास के पन्ने उलटे जिनके अनुकूल परिणाम नहीं मिले। महर्षि पाराशर व विश्वामित्र के उदाहरण उनके सामने आये। इस प्रकार वेद शास्त्रों के गहरे अध्ययन, बाद के मनीषियों के प्रयोगात्मक अनुभूति तथा विज्ञान के उत्कर्ष के परिणाम के मनन दोहन के बाद वे इस परिणाम पर पहुँचे कि मनुष्य के सफल जीवन तथा जीवन के चरम लक्ष्य ईश्वर-प्राप्ति के लिए गृहस्थ जीवन ही श्रेष्ठ एवं उपयुक्त है जिसमें सारे इन्द्रियों की परितुष्टि भी सम्भव है तथा संतुलन के उपरान्त ईश्वर प्राप्ति भी एक सद्गृहस्थ होने के नाते जीवन की व्यस्यतता से भी अनभिज्ञ नहीं थे। ऐसे व्यस्थजीवन के लिए भी कौन सा उपाय कौन सा साधन उपयुक्त हो सकता है जिससे यथाशीघ्र ईश्वर प्राप्ति की जा सके। इसके लिए उनका बराबर अन्वेषण चलता रहा। विज्ञान के अन्वेषण के परिणाम भी उनके सामने थे अतः उन्होंने अपने शोध द्वारा आध्यात्मिक क्षेत्र से भी क्रान्ति लाने की ठान ली तथा अपने प्रयत्न में सफल रहे। अन्वेषण का निष्कर्ष इस प्रकार रहा:—

लक्ष्य तथा मर्ग:—मनुष्य जीवन का चरम लक्ष्य ईश्वर-

प्राप्ति कर लयावस्था या अपनी स्थिति कायम करना ही है। इसके लिए सर्वश्रेष्ठ मार्ग राजयोग ही है योग के अर्थ नियम के होते हैं। ईश्वर से मिलने की बात किसी के लिए संस्थात्मक नहीं हो सकती।

सहयोग:—इस मार्ग को शीघ्र तय करने के लिए जो यान (सवारी) उन्होंने प्रस्तुत की उसका नाम Transmission रखा जिसे आप प्राणहुति कह लीजिये या शक्ति संचार कह लीजिए। शक्ति संचार कोई नई चीज नहीं है इस शक्ति का आभास श्री कृष्ण अर्जुन तथा स्वामी रामकृष्ण-विवेकानन्द प्रकरण में मिल चुका है। महर्षि व्यास द्वारा प्रदत्त शक्ति द्वारा संजय युद्ध की सारी दृश्यावली घर बैठे देखते रहे तथा महाराज धृतराष्ट्र को सुनाते रहे यह अति प्राचीन होते हुए भी इसका प्रयोगात्मक अन्वेषण बिल्कुल नवीन है तथा विकासोन्मुख भी इसी के कारण ईश्वर-प्राप्ति का मार्ग जिसे अत्यन्त दुरूह समझा जाता है वह सब सहज हो गया है। इसलिए इस मार्ग को सहजमार्ग की संज्ञा दी गई।

वे अत्यन्त उदार थे। उन्होंने अपने व्यक्तिगत अन्वेषण से जो कुछ अर्जन किया उसे अपने तक ही सीमित नहीं रखा बल्कि स्वनामधारी अपने आध्यात्मिक उत्तराधिकारी से गुरू-दक्षिणा में यह वादा लिया कि इस रहस्य को सब पर खोल दें। जो भी व्यक्ति चाहे इससे लाभ उठाये। उसके उठाव में पूर्ण सहयोग भी दें।

उनके निर्वाण के पश्चात यह सवाल उठ खड़ा हुआ कि उनके विचारों तथा प्रयोगों का प्रसारण किस प्रकार किया जाय जो किसी भी संस्था से मेल नहीं खाते। उनकी अपनी विशेषता है जो

स्वयं में ही निहित है। अन्ततः यह निर्णय हुआ कि मिशन की स्थापना के बिना इस समस्या का समाधान सम्भव नहीं हो सकता परिणाम स्वरूप उन्हीं महात्मा रामचन्द्र के नाम पर, जिन्हें प्यार से लाला जी कहा जा रहा है श्री रामचन्द्र मिशन की स्थापना सन् १९४५ ई० में की गई है जिसका प्रमुख कार्यालय शाहजहांपुर यू० पी रक्खा गया। अब विज्ञ वर्ग इसे अच्छी तरह समझने लगा है। अतः आज श्री रामचन्द्र मिशन के सोलह सेन्टर भारतवर्ष में कार्य रत हैं जिनके द्वारा हजारों हजार लोग अपने जीवन के भौतिक तथा आध्यात्मिक दोनों पहलुओं का संतुलन रख असीम लाभ उठा रहे हैं। इस मिशन द्वारा 'सहज मार्ग' नाम की ही एक पत्रिका निकलती है जो इस मार्ग का प्रतिनिधित्व करती है। सभी विज्ञ जनों से सादर अनुरोध है कि वे सहज मार्ग की पद्धति तथा क्रिया प्रणाली को समझ कर उससे लाभ उठावें।

साधना

(समर्थ गुरु महात्मा रामचन्द्र जी महाराज, फतेहगढ़)

(क्रमागत)

तीन प्रकार के सुख दुख

(१) 'भूत' कहते हैं तत्व को। इन्हीं तत्वों से जो सृष्टि बनती है-चाहे वह पार्थिव (जमीनी) अथवा अपार्थिव (आसमानी) सब अधिभौतिक कहलाती है। इनके मेल से अथवा वृत्ति के इनके ऊपर स्थिर होने से जो सुख होता है वह अधिभौतिक सुख है। (तत्व चाहे सूक्ष्म हों अथवा स्थूल) और उनसे वृत्ति के बलपूर्वक हटाये जाने से दुख होता है जो अधिभौतिक अर्थात तत्व सम्बन्धी दुख है।

* १-शब्द, २-स्पर्श, ३-रूप, ४-रस और ५-गन्ध सूक्ष्म तत्व हैं। १-आकाश, २-वायु, ३-अग्नि, ४-जल और ५-पृथ्वी स्थूल तत्व हैं। जो सृष्टि इन सब से बनी हुई है वह सब की सब अधिभौतिक है।

(२) 'देव' कहते हैं कारण तत्व को। जो सूक्ष्म और स्थूल के बीच है। संस्कृत भाषा में इस शब्द के अनेक अर्थ हैं, उदाहरणार्थ देवता, राजा, देवर, बेवकूफ, लड़का, व्यवसायी, भाला-बर्छी स्पर्द्धा, खेल, ब्राह्मण और कायस्थ जाति की उपाधि, इन्द्रिय, देवी, दुर्गा, रानी, श्रेष्ठ वर्ग की स्त्री की पदवी पूजा, आदर इत्यादि। ये सब सांसारिक अर्थ हैं, वास्तविक अर्थ केवल 'खेल' है। [संस्कृत धातु = खेलना चमकना] यहाँ उसको कारण के

अर्थ दिये जाते हैं। जो रोपता है और सब में उसी का खेत और चमक है। यह स्थिरता और शान्ति की स्थिति है जिसमें आत्मा का अभिप्राय समझा जाता है। वृत्ति के इस कारण अवस्था में स्थिर होने से जो सुख होता है और वृत्ति के इस हालत से हटने से जो दुख होता है वह दोनों ही अधिदैविक कहलाये जा सकते हैं। बहुधा लोग सूर्य, चन्द्रमा, बिजली, गरज आदि के दुख को अधिदैविक दुख कहते हैं जो गलती है क्योंकि यह सब आधिभौतिक हैं।

(३) जिसमें चिन्तन और गति हो वह आत्मा है [अत्= गति, मन् = चिन्तन] यह दोनों हालतें मन में हैं, अतः वही आत्मा हुआ। उसका धर्म है सुख, दुख, ज्ञान, अज्ञान, राग, द्वेष, इच्छा प्रयत्न। यह तीन प्रकार की गति और चिन्तन से सम्बद्ध है और तीनों ही क्षेत्रों में उसकी गति और स्थिरता क्रियाशील रहती है। पहला शरीर स्थूल देह और दूसरा आत्मा (कारण) शरीर तीसरा उसका अपना आन्तरिक (उलटा हुआ प्रतिबिम्ब) = हृदय का क्षेत्र। और इन्हीं में उसी वृत्ति की धार के ठहराव, सिमटाव और हटाव के कारण सुख दुख प्रतीत होता है जिन्हें आध्यात्मिक अर्थात गति और चिन्तन के सुख दुख कहते हैं। आध्यात्मिक केवल मन की ही दशा का नाम है। जागृति का क्षेत्र शरीर पर वृत्ति के ठहराव और हटाव का मानचित्र (नक्शा) है। स्वप्न का क्षेत्र हृदय पर वृत्ति के सिमटाव और हटाव का नक्शा है। और सुषुप्ति का क्षेत्र आत्मा पर वृत्ति के ठहराव और हटाव का खेल है। यह मालूम है कि कोई व्यक्ति सुषुप्ति की दशा में सदैव नहीं रह सकता, जागृति

और स्वप्न में वापस आना पड़ता है। जब ऐसा है तो स्थायी सुख कैसे हो सकता है! तीनों ही काल के चक्र में हैं।

जहां सुख का विचार सुख की हैसियत में है वहां तो दुख के संस्कार का रहना अनिवार्य ही है। क्योंकि दोनों आपेक्षिक शब्द हैं। किन्तु यह किसी हद तक संभव है कि यदि सुषुप्ति में रहने का साधन किया जाये, और सचेत होकर उसमें वृत्ति के ठहराने का यत्न हाथ में आ जाये, और साथ ही उदासीनता अर्थात् डूबे रहना बे परवाह रहना, फनाइयत की हालत दिल में पैदा कर ली जाये तो एक ऐसी विचित्र स्थिति की अभिव्यक्ति होगी जो सुख दुख दोनों से भिन्न होगी। और सुषुप्ति से उत्थान होने और जागृति और स्वप्न में वापस आने पर वह बराबर कायम रखी जा सकती है। यही परमानन्द या परम सुख अर्थात राहते अज़ीम कहलाता है। यहाँ ज्ञान की अवस्था नितान्त अपेक्षित है। बिना ज्ञान के उसकी सम्भावना भी कठिन है। उसका हाथ आना मुश्किल और समझना भी कठिन है। किन्तु यहां एक थोड़ी सी कमी और शेष रह जाती है। यदि तनिक भी आनन्द या सुख के अनुभव करने की तमीज बाकी रह गई तो फिर दुख भी कुछ न कुछ अवश्य होगा। वैराग्य और अभ्यास द्वारा जब हृदय बिलकुल साफ हो जाता है अर्थात् सूफ़ी बन जाता है, और उस हालत में फ़ना हो जाता है तो फिर बक़ा (वास्तविक जीवन) की अभिव्यक्ति होने लगती है।

संसार सम्भावना का जगत् है। यहाँ सम्भव की सम्भावना तो हुआ ही करती है, किन्तु विचित्र बात यह है कि इस सम्भावना

के जगत् में सम्भव के होने की भी सम्भावना है।

सुषुप्ति से वापस आने पर यह मालूम है कि शरीर में ताजगी और तरी रहती है और उसका खात्मा उस समय होता है जब जागृति के कार-बार, सोच-विचार और चिन्तन ध्यान के अभ्यास में वह खर्च हो जाती है। किन्तु यदि कोई व्यक्ति साधन और वैराग्य (ज्ञान) से अपने आपको नियंत्रित रखने का उपाय जान जाय तो सुषुप्ति के सुख का प्रभाव बराबर रहेगा और बेचैनी गायब हो जायगी। बहुत से ऐसे प्राणी हैं जो जानते हुए सोते है जैसे चलने वाले और युद्धभूमि में काम करने वाले घोड़े आदि अथवा मजबूती हालत में रहने वाले मनुष्य। ऐसे लोगों का सोना और जागना एक जैसा हो जाता है।

ख्वाब-बेदारीयम् शुद: एकसाँ।
अज इनायते-सोहते-पीराँ !!

(बुजुर्गों के सत्संग की कृपा से मेरी जागृति और सुषुप्ति एक जैसी हो गई)

किन्तु यह सुख भी स्थायी नहीं है इस कमी को दूर करने का उपाय तो यह है कि ब्रह्म में वृत्ति को जमाने का कुछ दिन साधन किया जाय। जब वृत्ति ब्रह्माकार होने लगेगी तो उसकी पहली हालत उत्पन्न होगी। वह ब्रह्म के रूप को समझ सकेगी। फिर उसमें भी लय होने लगेगी। इस लय अवस्था में फिर दूसरी हालत आनन्द की पैदा होगी। और जब जीव और ब्रह्म का भेद न रहेगा तब दुखों की समाप्ति हो जायगी। फिर वृत्ति के उत्थान का भय समाप्त हो जायगा—बूंद और समुद्र मिलकर एक हो जायेंगे।

ब्रह्मानन्द

मानव जीवन का आदर्श और इष्ट केवल परमानन्द की प्राप्ति है। ब्रह्मानन्द ही परमानन्द होता है।

कस अस्तित्व की अभिव्यक्ति का साधन है और वास्तविक अस्तित्व वही है जो निष्काम कर्म के सिलसिले में अपनी अभिव्यक्ति करता है। ज्ञान अस्तित्व की समझ और उसकी असलियत का इल्म हासिल करने का साधन है। और अस्तित्व का सच्चा ज्ञान वही है जो वाचिक अर्थात् जबानी न हो बल्कि यथार्थ या यकीनी हो। और उपासना अस्तित्व का सुख प्राप्त करने का साधन है। और वह इस प्रकार का हो कि उसमें लय अवस्था आए और दुख का अनुभव तक न हो।

ब्रह्म और जीव सिद्धान्ततः तो एक ही हैं। जो परमात्मा है वही जीवात्मा भी है। आत्मा आत्मा एक हैं। ब्रह्म ने को अलग कर दो इधर से जीवपने के गुण को हटा दो तो उसकी एक असलियत रहेगी, और वह असलियत ही गति और चिन्तन है। आत्मा अत् (गति) और मनन चिन्तन है, और ब्रह्मन् ब्र (वृद्धि) और मनन् (चिन्तन) है। यह उनकी हैसियत है। गति और वृद्धि का एक ही अभिप्राय है, केवल पैमाने का भेद है। जैसे ब्रह्म का जगत् है, वैसे जीव का भी जगत् है। केवल छोटाई-बड़ाई, अल्पज्ञता और सर्वज्ञता का भेद है। दोनों ही अपनी २ दुनिया बनाते और बिगाड़ते रहते हैं। जीव की भांति ब्रह्म भी जागता और सोता रहता है, और सुषुप्ति में जाता है, जैसा कि विश्व, तेजस्, प्राज्ञ, (जीव लक्षण) और विराट्, अन्तर्यामी या अव्याकृत और हिरण्यगर्भ ब्रह्म लक्षण के नामों से स्पष्ट है।

जब ब्रह्म में वृत्ति स्थिर होगी तब जीव को ब्रह्म का ज्ञान भी होगा, क्योंकि वृत्ति की ही अनुरूपता, सम्बन्ध और एकसानियत से ही ज्ञान होता है। और यही ज्ञान ब्रह्मानन्द में परिवर्तन होगा। और जब यह ज्ञान आ जायगा, तब फिर वृत्ति के बैठने और सिमटने का विचार तक जाता रहेगा। और उसे सुख ही सुख होगा, और वह ब्रह्म से एक होता हुआ बूंद और समुद्र की भाँति मिला हुआ लहराता रहेगा। उसमें फिर नाम के लिए भी दुःख न रहेगा, क्योंकि ब्रह्म में दुःख नहीं है। दुःख अंश में होता है, पूर्ण में नहीं होता है।

[अगले अङ्क से इस लेख के बाद का लेख क्रमशः प्रकाशित होना प्रारम्भ होगा]

आत्मोन्नति के साधन

(श्री रामचन्द्र जी, अध्यक्ष श्री रामचन्द्र मिशन)

आज मैं आपके सन्मुख 'सहज-मार्ग' की विशेषता के विषय में कुछ कहना चाहता हूँ। हमारे यहां की साधना-प्रणाली अति सरल एवं साधारण है जिसमें न तो कोई बाह्य-आडम्बर है और न कोई कठिन शारीरिक क्रियायें एवं अप्राकृतिक-पाबन्दियां ही हैं। ईश्वर तक पहुँचने का मार्ग केवल एक ही है और वह 'राजयोग' है जिसका मुख्य अंग 'ध्यान' है, तथा यह एक ही साधना आरंभ से लेकर अन्त तक चली जाती है। इसके द्वारा ही मनुष्य आत्मिक-उन्नति के उच्चतम शिखर तक पहुँच जाता है। यह बात

तो नितान्त आवश्यक है ही कि ध्यान ठीक प्रकार से जैसा कि बताया जाता है वैसे ही होना चाहिये। अक्सर लोग किताबों में पढ़कर या अयोग्य गुरुओं के बताने पर अभ्यास करने लगते हैं इससे लाभ के स्थान पर दिनों दिन खराब एवं 'लक्ष्य' से दूर होते चले जाते हैं। साधना वही उपयोगी हो सकती है जो हमारी मानसिक-वृत्तियों को शान्त करते हुए हमारे अन्दर शान्ति, सरलता एवं सूक्ष्मता प्रदान करे।

एक कठिनाई और भी आजाती है कि हमारा मन अस्थिर होने के कारण बाधा डालता है। अभ्यासी को इसका तजुर्बा केवल अभ्यास करने पर ही हो सकता है कि 'सहज-मार्ग' द्वारा कितनी जल्दी हम उस अस्थिर-अवस्था से अलग होते हुये उन्नति के मार्ग पर अग्रसर हो जाते हैं। एवं आध्यात्मिकता के चटियल-मैदान में हमारी रफ्तार कितनी तेज हो जाती है। हजारों वर्षों में जब कभी समय आता है और (युग) समय को आवश्यकता पड़ती है तभी किसी ऐसी महान्-शक्ति द्वारा हमें ऐसी महान साधना, एवं प्राणाहुति प्राप्त हो पाती है। समय बदलने के साथ हम इस योगिक-प्रणाली 'प्राणाहुति' को भूल गये। पूर्वजों की इस पवित्र चीज को ऐसा भुला दिया कि यदि किसी ने इस शक्ति का प्रयोग भी किया तो सब उसे मिसमिरेजम, अथवा हिप्नोटिज्म ही कहने लगे। बात यही हुई कि हम स्वयं इस हद तक गिर गये कि हमने ऐसी अनुपम एवं पवित्र चीज की वास्तविकता एवं सचाई को ऐसा भुला दिया कि हममें रंग और लाल की तमीज भी बाकी न रही। किन्तु ईश्वर अब वह समय अवश्य लाया कि लोग आध्यात्मिक

प्रणाली की नई खोज से लाभ उठावें। यह अवश्य है कि इस ब्रह्म विद्या के सीखने वाले भी कम हैं और बताने वाले उससे भी कम क्योंकि यह चीज इतनी हल्की एवं सहज, सुगम है कि लोगों की समझ में नहीं आपाती। किन्तु उनको मालूम होना चाहिये कि ईश्वर किस कदर सूक्ष्म एवं सहज, सुगम है इसलिये 'उसको' प्राप्त कर पाने के लिये हमको वैसे ही सीधे, सादे तरीके अपनाना चाहिये एवं वैसा ही बनना चाहिये। जब तक हम अपनी आँखें वैसी ही न बना लेंगे तब तक हम उस सादी, शुद्ध एवं मासूम-हालत तक पहुँचकर ईश्वर को प्राप्त नहीं कर सकते। इस संस्था में यही चीज अभ्यासी के अभ्यास से तथा प्राणाहुति द्वारा उसके अंदर उत्पन्न होने लगती है जिसका अनुभव समझदार तथा अनुभवी पुरुष बहुत जल्द कर सकते हैं। परन्तु यह सब चीजें हर युग और समय में केवल उन्हीं लोगों को दी जाती थीं जिनको इसका पात्र समझा जाता था। परन्तु अब जमाना बदल गया है। अब अगर इत्तफाक से कोई प्राणशक्ति देने वाला अच्छा भी मिल जाय तो जब तक कि वह कोई miracle चमत्कार न दिखा सके लोग उस पर एतबार नहीं करते। हालांकि एक राजयोगी जो वाकई अच्छा प्राणशक्ति देने वाला है miracle (चमत्कार) दिखा सकता है मगर तजर्बा इस बात को सिद्ध करता है कि चमत्कार दिखाने से इस चीज में उन्नति नहीं हुई।

हमारी निगाह वास्तविक ध्येय पर होना चाहिए। चमत्कार तो वास्तव में इतनी छोटी चीज है कि यदि कोई गौर करे तो हर शख्स को अक्सर खुद-ब-खुद होते मालूम होते हैं और ऐसे किस्से भी बहुत हैं। एक किस्सा सुनाता हूँ:—

एक महात्मा दरिया की सतह पर पल्थी मार कर बैठ गये और जरा सी देर में दरिया पार कर गये। वह स्वयं पानी की सतह पर ही रहे। एक आदमी जो नाव पर था उसने नाव के द्वारा नदी को पार किया। जब वे महात्मा किनारे पर पहुँचे वे सज्जन भी नाव से किनारे पर उतरे तो महात्मा ने कहा कि मैंने कितनी जल्दी और कैसे नदी पार कर ली और तुम्हें नाव और मल्लाह का सहारा लेना पड़ा। उसने कितना सुन्दर उत्तर दिया कि इसका मूल्य केवल दो पैसे है। इस भव-सागर को पार करने के लिये तथा सकुशल किनारे पर पहुँचने के लिये वाकई नाव और मल्लाह की आवश्यकता है।

ध्येय-प्राप्ति के लिये भिन्न २ उपाय हो सकते हैं किन्तु हमें उन उपायों को ग्रहण करना चाहिये जिसमें सफलता निश्चित हो। अब सोचना यह है कि कौन सा उपाय अथवा साधन सबसे अच्छा और प्रभावशाली हो सकता है। इसलिये शायद लोगों को विश्वास न हो तो मैं स्वामी विवेकानन्द जी का उदाहरण सामने रखता हूं। उनका कथन है कि "राजयोग ही अभ्यासी को ध्रुव तक पहुँचा सकता है। हठयोग को राजयोग तक पहुँचाने का सोपान कहा गया है। हठयोग की चाल केवल आज्ञा-चक्र तक ही है उसके आगे उसकी गुजर नहीं"। स्वामी विवेकानन्द ने यह भी कहा है कि "रोशनी उस गुरू से लेनी चाहिये जिसमें प्राण-शक्ति प्रदान कर सकने की शक्ति हो"। एक बात ध्यान देने योग्य है कि जब हम हठयोग की क्रियायें प्रारम्भ करते हैं जिनका सम्बन्ध

बहुत कुछ शरीर से है उस समय हमको यह ध्यान रहता है कि हम अमुक क्रिया कर रहे हैं इसलिये कि शारीरिक-तोड़ मरोड़ जो इसमें आवश्यक है अहम् के ख्याल को और बढ़ा देती है। गोया अहंता बजाय जाने के और बढ़ जाती है। मगर राजयोग में यह चीज नहीं होती। हम सूक्ष्म से सूक्ष्म चीज इसमें लेते हैं जिसमें हमारी चित्त की वृत्तियों का निरोध होने लगता है दूसरे मानों में जब हम इस अभ्यास को करते हैं उस समय शरीर का भान हमको होता ही नहीं और होता भी है तो बहुत कम इसलिये कि हमारे चित्त की वृत्तियां बहुत सूक्ष्म ख्याल बांधे हुये होती हैं। पतंजलि ने अपने सबसे पहले सूत्र में योग की तारीफ में कहा है-चित्त की वृत्तियों का निरोध हो जाना। एक आम गलती जो यह हो रही है कि जो लोग चित्त की वृत्ति के निरोध में लगते हैं तो वह इसी ख्याल को लेकर निरोध शुरू कर देते हैं गोया उनकी दौड़ एक छोटे से दायरे में ही रहती है और वृत्तियों से उनकी खींचातानी शुरू हो जाती है जिससे दिमाग पर अक्सर असर पड़ जाता है और ऐसा करने वाले लोग अक्सर वैसे ही रह जाते हैं। बजाय वृत्तियों के लड़ने से यदि हमारी निगाह में केवल ध्येय की प्राप्ति हो रहे तो हर कदम पर कामयाबी ही होती चलेगी। अपने आप करने से इन्सान बहुत कुछ बन जाता है और यदि कहीं किसी प्राणशक्ति देने वाले की मदद ले ली तो मैं तो यही कहूँगा कि वर्षों का काम मिनटों में हो सकता है। प्राणशक्ति द्वारा चित्त की वृत्तियों को निरोध करने का एक तरीका लिखता हूँ:—

अच्छा प्राण आहुति देने वाला अपनी इच्छा-शक्ति से

प्राणाहुति के द्वारा मन की चंचलता जो हमें संसार की ओर ले जा रही है उसका रुख ऊपर की ओर कर देता है जिसका फल यह होता है कि हमारी वृत्तियाँ बहुत जल्द अपने फैलाव को समाप्त कर देती हैं और निश्चलता आने लगती है। जब हमारी चित्त की वृत्ति का निरोध हो जाता है यानी हमारा मन अपनी असली दशा में जब चिमट जाता है तो बिना जाने-बूझे हुये हमारा ध्यान उसी मन में कायम रहता है और उसका चरित्र निरखने लगता है और यह ब्रह्म की सबसे नीची गति होती है। जब ध्यान द्वारा यह चीज सिद्ध हो जाती है तो यह परदा भी हट जाता है और हम उसकी अन्दर वाली गति में चले जाते हैं और इसी तरीके से हम अन्तर्मुखी बनते चले जाते हैं और अपनी ही खोज शुरू हो जाती है। सहजमार्ग में हम यह करते हैं कि एक के बाद दूसरा और दूसरे के बाद तीसरा और इसी तरह से एक-एक करके हर चक्र को प्राणाहुति द्वारा शुद्ध करते चलते हैं जिससे कि हमें आगे पहुँचने में मदद मिलती जाती है और हमारी रफ्तार तेज होती जाती है हर चक्र के विषय में हमें यह जानकारी होती जाती है कि उनका भाग आध्यात्मिक क्षेत्र में क्या है और कौन सी शक्ति इनमें मौजूद है।

एक बात मुमकिन है कि लोगों को अचम्भे में डाल दे। मनुष्य की शक्ति के ऊपर निर्भर है कि जिस चीज को वह अपनी हद के अंदर ले आवे। यह सब कहते हैं कि प्रकृति की शक्ति असीमित है मगर मैं यह कहूँगा कि 'सीमा' शब्द की ईजाद उस समय हुई जबकि मनुष्य की निगाह किसी दायरे के हदसे बाहर नहीं

गई। उसने समझ लिया कि भाई हमारी शक्ति सीमा-बद्ध है। जब हमारी ताकत का सवाल हुआ और अपनी शक्ति सीमित समझी तो स्वाभाविक तौर पर दूसरे का लक्ष्य हमारे दिल में उठ खड़ा हुआ। यानी इससे कोई चीज ऊँची अवश्य है जो इस सीमा के बाद होगी यानी जिसकी शक्ति असीमित होगी। गैरियत का ख्याल जब हमारी तबियत में पैदा हुआ यानी जब तबियत में तंगी आई तो हमने भी अपना दायरा तंग समझ लिया। अगर यह चीज कहीं निगाह मे उठ जावे यानी सीमा-बद्ध होने का ख्याल जाता रहे तो लाजमी भी है कि किसी समय यह चीज भी हो सकती है कि हमारे दिल से असीमित होने का भी ख्याल जाता रहे। जब हद और बेहद का ख्याल हमारी तबियत और दिल से निकल जाताहै तो गोया अब हममें कोई हदनहीं रही। गोया हमने अपना सम्बन्ध उस चीज से जोड़ लिया है कि जो हद और बेहद दोनों से परे है। जब यह हालत हुई और कहीं इस हालत का पहुँचा हुआ प्राणाहुति देने वाला मिल गया तो वह चीजें जो अजीब और असंभव मालूम होती हैं सम्भव हो जावेंगी। अगर कोई व्यक्ति ऐसा है कि उसको liberation (पूर्णता) की हालत में डाल दें तो सहज-मार्ग का तरीका यह है कि उसकी रूह को अपने वतन (घर) की तरफ यानी जहाँ कि उसका असल भंडार है फेर दें और यह चीज इच्छा-शक्ति से पैदा कर दें कि जब इसका अंत समय होगा, उस समय वह ऐसी हालत पर आजावेगा कि रूह अपने असल भंडार में पहुँच जावे। धीरे-धीरे यह चीज खुलती रहेगी और अंत में उसका liberation (मोक्ष) होगा। मैं डंके की चोट

कह सकता हूँ कि यह चीज अच्छे प्राण-शक्ति देने वाले के अतिरिक्त और कोई नहीं कर सकता और जब किसी की उन्नति होगी, योग मार्ग पर चलने ही से हो सकेगी और Spiritual Giants (आध्यात्मिक धुरन्धर) इसी से पैदा हो सकते हैं और कोई तरीका नहीं हो सकता।

मजमून बहुत तूल हो जायगा इसलिये इसको अधिक बढ़ाना नहीं चाहता और उससे कुछ फायदा भी नहीं। ज्ञान प्राप्त करने के लिये किताबें बहुत मिल सकती हैं मगर अच्छा प्राण-शक्ति देने वाला तभी मिल सकता है जब कि किसी की किस्मत में मोक्ष बदी हो और उसकी तबियत भी ऐसी बन जावे यानी उसको मोक्ष प्राप्त करने का शौक भी हो।

इस मिशन का जो ध्येय है वह ईश्वर-प्राप्ति सरल से सरल तरीके से करा देने का है जो केवल प्राणाहुति द्वारा ही हो सकती है। मैं चाहता भी यही हूँ कि बहुत से प्राण-शक्ति देने वाले पैदा हो जावें। यहां तक कि हर मोहल्ले में एक हो ताकि यह चीज तरक्की करे और रास्ता आसान हो जावे।

सहीहल या शिक्षा

(कु० कस्तूरी चतुर्वेदी)

(वर्ष ७ अंक २ से आगे)

सहज मार्ग शिक्षा के लिये न तो कोई आधा ही तैयार की जा सकती है और न इसे लिपिबद्ध किया जा सकता है। वेदों दिव्य एवं अनोखी तो आध्यात्मिक-शिक्षा ही है। वह परम-विद्या जिसके द्वारा यह अलौकिक शिक्षा प्राप्त होती है वही ब्रह्म-विद्या है। जिसका प्रारम्भ एवं अन्त दोनों 'स्व' अर्थात् स्वयं से ही होना है। ब्रह्म-विद्या में बैठने की गति अहं-ब्रह्मास्मि के आनन्द से ही प्रारम्भ होती है एवं इसका छोर इस गति में बैठकर उसे पूर्ण-तयः विस्मृत हो पाने पर ही मिल पाता है। पूर्ण ब्रह्म-गति की प्राप्ति का अनुभव तभी प्राप्त हो पाता है जबकि 'ब्रह्मास्मि' के आगे से शब्द अहं को निकाल दिया जाता है क्योंकि यह अहं वह ज्योति है जो द्वैत को प्रकाश देती है एवं जिस प्रकाश में हमारी आध्यात्मिक शिक्षा अधूरी एवं बिखरी बिखरी सी रहती है। कहते हैं बूंद बूंद से भरा समुद्र भी खारा ही रहता है। तिनका तिनका जोड़ कर निर्माण किये गगन चुम्बी-प्रासाद के भी ढह जाने की सदैव संभावना ही बनी रहती है उसी प्रकार आध्यात्मिक-शिक्षा में अहं के दीपक की छोटी सी लौ भी विनाशकारी ही सिद्ध हो सकती है छान्दोपनिषद में एक कथा आती है कि:-अवर्णऋषि के केवल एक ही पुत्र था। वह बारह वर्ष का हो गया किन्तु कुछ पढ़ता न था। एक दिन ऋषि ने समझा धमकाकर उसे विद्यालय के

लिये भेज दिया। कुशाग्रबुद्धि बालक बारह वर्ष के कठिन परिश्रम के पश्चात् पूर्णाध्ययन कर घर लौटे तो विद्वत्ता के गर्व में पिता को प्रणाम भी नहीं किया। महर्षि उसके गर्व को समझ गये। कुछ दिनों बाद पुत्र को बुलाकर उन्होंने पूछा कि वेदा जो सुनते हुये भी कुछ नहीं सुनता, खाते हुए भी कुछ नहीं खाता, जानते हुये भी कुछ नहीं जानता ऐसी विद्या जो जानता है उस जैसा विद्वान कोई नहीं। जो विद्या बिना पढ़े ही पढ़ ली जाती है उसे पढ़कर फिर कुछ पढ़ना शेष नहीं रह जाता है ? क्या तुमने वह विद्या प्राप्त कर ली है ? इस पर पुत्र ने पिता के चरण पकड़ लिये। बस वास्तव में यही एक ऐसी शिक्षा है जो बिना जताये स्वतः ही सद्गुरु की प्राण शक्ति द्वारा अंतर में प्रवाहित होकर हमारा उद्धार कर देती है।

अब प्रश्न यह रह जाता है कि ऐसी शिक्षा हमें कहाँ, कैसे एवं किससे प्राप्त हो सकती है ? वह सद्गुरु रूपी पारस-पाषाण हमें कब और कहाँ मिल सकता है कि जिसका स्पर्श कर हम पावन एवं धन्य होकर महान बन जाते हैं। हमें वह सभी विद्या प्राप्त हो जाती है जिसका ज्ञान न हमें था, न है और न कभी हो सकता है। यदि हम उसे जान भी लेते तो वह होश हमें कौन देता जिससे इस जाने हुये ज्ञान को हम सहेज लेते। वह भी तो हमें सद्गुरु की ओर से प्रदान की हुई शिक्षा द्वारा ही प्राप्त हो सकता है। और यह परम प्रियतम 'मालिक' की देन तड़प या प्रेम है। हाँ जब दृष्टि के दर्पण में वह ही वह उभरा रहता है तब फिर वह दर्द न रहकर सब भौतिक दुःख, द्वन्द्वों की स्वयं दवा बन जाता

है क्योंकि दर्पण स्वयं अपना मुख नहीं देख सकता। तड़प हमें सदैव सजग रखती है सतत्-स्मरण के प्रति। प्रेम की अवस्था का किसी सीमा तक पहुंच जाने का नाम ही तड़प है। जिसके प्राप्त हो जाने पर हमारे परम पूज्य 'श्री बाबू जी महाराज' के कथनानुसार तड़प अपना रास्ता स्वयं टटोल लेती है प्रत्यक्ष प्रकट हो जाता है। फिर ईश्वर-प्राप्ति अथवा आध्यात्मिक क्षेत्र में कुछ भी प्राप्त कर लेना असंभव नहीं रह जाता। ईश्वरीय-धारा को अनवरत निर्झरिणी खोज लाने वाली वास्तविक नसीहत यही है हमारी सुरति रूपी धागे को अपने उद्गम तक पहुंचाकर उस स्वयं प्रभावित श्रेष्ठ शिक्षा के वृत्त में प्रवाहित कर देता है कि जहाँ शिक्षा एवं शिक्षक, सद्गुरु एवं शिष्य के मध्य का भेद मिटाकर सारी मिलौनियाँ बह कर समाप्त हो जाती हैं। आज चारों ओर से स्वतंत्रता की पुकार आ रही है। स्वतंत्रता हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है वह हमें मिलना चाहिये यह संसार में स्वतंत्रता की माँग है किन्तु कोई प्रतिपल हाथ उठाकर हमें स्वतंत्रता की राह दिखाकर प्रतिक्षण अपनी वात्सल्यमयी गोद में सुला लेने के लिये अधीर है उधर हम नहीं देखते, उस अन्तर की आवाज की ओर हम ध्यान नहीं देते कि हम अपनी बेड़ी स्वयं काटकर क्यों न स्वतंत्र हो जायें। हमें स्वतंत्र कर पाने वाला दूसरा है ही कौन ? हमीं के लघु-वृत्त से मुक्ति पा जाना ही वास्तविक स्वतंत्रता है। स्वयं को स्वयं के घेरे में बन्दी बनाकर परतंत्रता की बेड़ी से जकड़कर स्वतंत्रता का नारा देना कैसी हास्यास्पद बात है। सद्गुरु हमारे जन्म सिद्ध का पूरक-प्रतीक है। 'उसकी' कृपा से ही हमें वह दिव्य शिक्षा मिलती

है जो हमें स्वतंत्रता के संग्राम में विजय-माल पहना सकती है। हम उस समय तक स्वतंत्र नहीं हो सकते जब तक कि गुलामी का तौंक हमारे गले पड़ाहुआ है। यह तो उसी बड़भागी को प्राप्त होती है जो बिना दामों किसी के हाथों बिक चुका होता है। हम यह कह सकते हैं कि किसी के हाथों बिका तो दास ही रहेगा किन्तु आध्यात्मिक-शिक्षा का परिणाम तो भिन्न ही होता है। क्योंकि इस अवस्था में पहुंचकर तब दास दास नहीं वरन् प्रियतम मालिक का खरीदार बन चुका होता है। प्रकृति तब उसके हाथों का खिलौना बन जाती है। कुल आध्यात्मिक-क्षेत्र उसकी मुट्ठी में हो जाता है और स्वयं उसकी मुट्ठियां सदैव के लिये फैली रह जाती हैं। ऐसी स्वतंत्रता हमें तभी प्राप्त होती है जहां द्यौस का अवसान हो जाता है एवं रात्रि नेत्र मूंदे ध्यानावस्थित हो रहती है क्योंकि तब वह भी सहज-मार्ग की सहगामिनी होकर राजयोगिनी हो जाती है। तब बिन्दु से बिन्दु मिलकर एक हो जाता है। तब एक सिरे से दूसरा सिरा जुड़कर हम आवागमन के विशद-सागर का उलंघन कर अनवरत, अचेतन आनन्द में विलीन हो जाते हैं। ऐसी आध्यात्मिक-शिक्षा का माध्यम सदाचार होता है एवं उद्देश्य लक्ष्य की प्राप्ति होती है। वास्तविक बाह्य शिक्षा भी वही कही जा सकती है जो हमको खुदी से खोये हुये तक पहुंचाकर उसकी प्रतीति करा देवे एवं उसको पूर्णतयः प्राप्त कर लेने के लिये प्रतिक्षण अपने को सजग रखने की आवश्यकता होती है। तब वह वात्सल्यमयी निर्झरिणी 'ईश्वर' अथवा सद्गुरु रूपी माँ जिसके रंध्र रंध्र में पैठ गई है वह विह्वल-हृदय, वह पलकित निःशब्द, आत्म-विमूढ़

मुखमंडल उसको क्या फिर किसी से मांगना या पाना शेष रह जाता है ? उसकी उस आत्म-विस्मृति में वास्तविकता या सत्यावस्था, मिलन अथवा संयोग, निर्वाण एवं अभेदावस्था का समावेश हो जाता है। तब संसार में वह ऐसे वापस भेजा जाता है कि:-

"शिलाखंड में बैठि हम निज हिय-लोचन चीर,
देखि रहे जगमग चलत इन पंथिन की भीर"।

किन्तु ऐसी प्रगाढ़ अवस्था का प्रारम्भ कब होता है जबऐसी अल्हड़ पूर्ण-लाग हमारे दिल से लग जाती है कि हमारे दीवाने, विस्मृति से नेत्र 'उसी' के आलोकित मुख की ओर दौड़ पड़ते हैं। तब फिर वह जीवनमुक्त, बड़भागी स्वयं तो धन्य होता ही है बल्कि पावन- ईश्वरीय शक्ति से ओत-प्रोत उसके सम्पर्क का दूसरों पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ने लगता है क्योंकि प्रियतम सद्गुरु की व्यापक-दृष्टि अंतर से अन्तरतम के सूक्ष्म दोषों को भी ढूंढ़कर भस्म करके हमें भी पारस बना देती है।

अब यह कहा जा सकता है कि मनुष्य के स्वतः परिश्रम का महत्त्व अत्यन्त होता है यह सत्य है किन्तु अथवा परिश्रम द्वारा आकाश को पृथ्वीतल पर भले ही लाया जासके किन्तु सत्यता को सजीवता प्रदान कर सकने वाली एवं सर्वव्यापी 'राम' को प्रत्यक्ष कर पाने के लिये हमें सद्गुरु के अवलम्बन एवं शिक्षा की प्रतिक्षण आवश्यकता रहती है। यह सत्य है कि स्नेह में भावना साकार हो उठती है किन्तु यदि हमें समर्थ सद्गुरु की पावन प्राण-शक्ति रूपी शिक्षा न मिल सकी तो हमारे सारे गुण, सारी भावना ऐसी समझना चाहिये जैसे स्पर्धा की छाँह में नेह की दुग्ध-स्वच्छता

हमें कदापि नहीं प्राप्त हो सकती। कहते हैं कि मनुष्य की भावना फूल से भी अधिक नाजुक होती है जो जरा सी ठेस लगते ही चूर हो जाती है किन्तु सद्गुरु के हृदय-रूपी सागर में मन का सौंदन करने पर उस पर से मलिनता रूपी दाग दूर होकर मानव-जीवन रूपी गुदड़ी का भाग्य उज्ज्वल हो जाता है और तब हमारी वह नाजुक भावना सुदृढ़ एवं साकार इच्छा-शक्ति के रूप में होकर संसार में महान् कार्य कर जाती है। बाह्य-साधनों द्वारा बुद्धि भले ही विकसित हो सकती है किन्तु आध्यात्मिकता नहीं। आत्मा की आवाज, आत्मा की बात एवं संदेश उन्हें बाह्यसाधनों एवं क्रियाओं द्वारा ग्रहण नहीं किया जा सकता है वह तो एक आत्मा को दूसरी आत्मा से सम्बन्ध एवं शिक्षा द्वारा ही प्राप्त हो सकता है। जहां से यह संवाद अथवा सदेश हमें मिलते हैं वही गुरु है एवं जहां पर एवं जिसके द्वारा वह संदेश या सवाद ग्रहण किया जाता है वही शिष्य है। आध्यात्मिक ईश्वरीय-मिलन के क्षेत्र में समर्पण ही हमारी आत्मा होती है एवं 'ईश्वर' की खोज अथवा उसको अभिमुख करने में विचारों की जो योजना हम बनाते हैं वही विचारों का ईश्वर के अर्पण करना हो जाता है। तब वही विकारों रहित विचार संसार को नष्ट करके सर्वोत्तम-ईश्वर से जोड़ देने की एक कड़ी बन जाती है और हमें आत्म-विस्मृत सा यह गुनगुनाते छोड़ जाती है कि:—

"क्या गाऊं, क्या भजन करूं मैं, मोसे अब कुछ कहा न जाये,
एक गया, दूजा गया, दरिया लहर समाये"।

तब अपनी व्यथा कह सकने के लिये कोई दूसरा दृष्टि में ही नहीं आता क्योंकि जो हमारे उर में पैठा स्वयं ही हमसे खेलता

और हमें मिलाता है वही प्रियतम सर्वव्यापी होने पर भी कभी अपने मिलन का अविरल-आनन्द और कभी वियोग की पीड़ा उर में भर देता है। हमारी निजात्मा से बासंती-बयार में बहती तब हर समय ऐसी ही पुकार आती है। हमारे अन्तर में प्रवाहित स्वयं की शिक्षा हमारे अन्तर में पुनः २ ऐसी ही कुरेदना भर जाती है कि:—"उठो, जागो और तब तक चैन न लो जब तक कि लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाये"। सारी विद्या, सारी शिक्षा यहीं नष्ट हो जाती है किन्तु आध्यात्मिक-सद्गुरु-शिक्षा हमें सदैव के लिये बन्धन से मुक्ति दिला जाती है। सद्गुरु के मिल जाने पर नन्हें, अबोध, शिशु की भांति 'उसके' हृदय से सटे रहें यही पूर्ण शिक्षा है जो खुद को दी जाती है पूर्णता प्राप्त कर पाने के लिये। कहते हैं चन्द्रमा कलंक अपने पास रखकर संसार को प्रकाश प्रदान करता है किन्तु सच्चा सद्गुरु तो अपने जनों के, अपने भोले बालकों के जन्म-जन्मान्तरों से एकत्रित कलंक (पाप, ताप) सब अपने में समेट कर बदले में उसके उर अन्तर को ईश्वरीय-प्रकाश से भर देता है। स्वयं उनके पाप, तापों का भार लेकर उनसे पीड़ित होता हुआ भी अपने बालकों को अपनी अलौकिक-प्राण-शक्ति द्वारा शीतल, विशुद्ध ईश्वरीय-धारा रूपी गंगाजल से निर्मल कर देता है। यही सद्गुरु' की अलौकिक प्रीति की रीति होती है।

अन्तर में जगी प्रियतम मालिक सद्गुरु की तवज्जोह की हर आवाज एक नसीहत लिये होती है। 'उसकी' हर झिड़की में उस नसीहत की अग्नि होती है जो हमारे सभी बाह्य-आडम्बरों को जलाकर राख कर देती है। 'उसकी' हर मधुर मुस्कान हमारे

लिये पुनः २ नवजीवन की नसीहत लाती है और उसकी पुनः पुनः हमसे छुपती मुस्कान हमें 'उसके' मिलन के आनन्द से भी बढ़कर भी मूल्यवाले वियोग की ज्वाला को पी जाने की शक्ति एवं शिक्षा प्रदान करती है। 'उसका' अपने शीश पर रक्खा वरद्-हस्त जहाँ हमें ईश्वरीय-धारा में पगी विभोरावस्था में खोये अपार आनन्द का अनुभव प्रदान करता है वहीं हमें यह भी अनुभव-गम्य हो जाता है कि "शिक्षा अथवा नसीहत अच्छी चीज है अगर वह खुद को दीजावे"।

अनुभव-गम्य आध्यात्मिक-शिक्षा के इसी अन्तिम पृष्ट में पैठकर बहुधा मौन, व्यथित किन्तु विस्मृत अवस्था में हम कराह उठते हैं कि:—

'अल्लाह बेखुदी में तेरे पास बैठकर,
तेरा ही इन्तजार किया है कभी कभी"।

इसके पश्चात् ?

जो होता हो सो होता हो ... ...
मेरे 'मालिक' जाने ॥

हमारा ध्येय

(ले० बालकराम सीतापुर)

पानी केरा बुद बुदा, अस मानुष की जात।
देखत ही छिप जायगा, ज्यों तारा प्रभात॥

उपरोक्त कथन के अनुसार मनुष्य का जीवन क्षण भंगुर है। इसका कोई ठिकाना नहीं। मालूम नहीं अगला पैर आगे

पड़ेगा। जिह्वा चलेगी या नहीं। यह शरीर चेतन अवस्था में रहेगा या नहीं। किस क्षण अकस्मात इस संसार से उठ जाना पड़ेगा। लेकिन मनुष्य इस माया के प्रपंच में ऐसा पड़ा है कि उसे इस संसार से जाने की कोई बात स्मरण नहीं रहती। ऐसा प्रतीत होता है कि उसे यहां युग युगान्तर रहना है। सारा जीवन आवश्यकताओं की पूर्ति में लगा देता है एवं धन धान्य परिवार को देखकर मुदित होता रहता है। यह अनुभव ही नहीं करता कि जगत काल का चबेना है। माया के प्रपंच में पड़े झूठे सुखों को ही सच्चा सुख समझ लेता है। जैसा कि महात्मा कबीर जी ने कहा है:-

झूठे सुख को सुख कहें मानत है मनमोद।
जगत चबेना काल का कुछ मुख में कुछ गोद॥

मानव को चेतना प्रदान करने के लिए समय समय पर ईश्वरीय संदेश मिलता रहता है कि संसार नाशवान है शरीर नश्वर है। कभी कोई अपने राज वैभव को छोड़कर इस संसार से जाता है कभी कोई आपदाओं के अपार सागर में गोते लगाता दृष्टिगोचर होता है और अपने जीने पर दुःख प्रगट करता है, कभी सत्संग से, कभी संतों की वाणी से कभी सद्ग्रन्थों से, ईश्वरीय संदेश मिलकर मस्तिष्क में एक अजीब उलझन पैदा हो जाती है। और उपरोक्त कथन सत्य प्रतीत होने लगता है कि:-

पानी केरा बुदबुदा अस मानुष की जात।

ऐसे वातावरण में पड़ते ही मनुष्य विह्वल हो उठता है और ईश्वर को पाने के लिए विकल हो जाता है। लेकिन दशा स्थाई नहीं रह पाती कुछ क्षण के उपरान्त इसे भुलाकर वह फिर

अपने सांसारिक कार्यों में प्रवृत हो जाता है ईश्वर की प्राप्ति की जिज्ञासा रखते हुये भी वह अपने प्रयत्न से उसे प्राप्त नहीं कर पाता है। उसके आध्यात्मिक मार्ग में प्रारम्भ में ही अनेकों अड़चनें आती हैं जिनसे वह अनभिज्ञ है इस लिए हताश हो जाता है। जिस किसी को इसके समाधान के लिए ढूंढता है तो अक्सर ऐसे मिलते हैं जो अच्छे व्याख्यान दे सकते हैं। वेद की बातें बता सकते हैं अन्न बिना खाये काफी दिनों रह सकते हैं। उन्हें आध्यात्मिक अनुभव कुछ भी नहीं! ऐसे उपदेशक अनेकों मिलेंगे क्योंकि आजकल गुरुओं की भर मार है। प्रत्येक मनुष्य गुरु बना हुआ है। कोई शिष्य बनना नहीं चाहता गुरु बनना अत्यधिक सरल हो गया है। गेरुये कपड़े पहन लिए, चन्दन लगा लिया मृग छाला ले ली। कुछ मन्त्र याद कर लिये। और बन गये गुरू। जब इस तरह के गुरु मनुष्यों को मिल जाते हैं तो अपना अत्याधिक प्रभाव जमाने के कारण कठिन से कठिन यौगिक क्रियायें बताते हैं जो प्रायः प्रत्येक के लिये करना असम्भव है। और स्वयं इसका अन्तिम परिणाम भी नहीं जानते। क्योंकि इन क्रियाओं का उनको स्वयं अभ्यास नहीं। इस प्रकार ऐसे लोगों में पड़ कर मनुष्य भटकता रहता है और अपने ध्येय तक नहीं पहुँच पाता है। वास्तव में यह शरीर दुर्गुणों की खान है। महात्मा कबीर का कथन है कि:—

यह तन विष की बेलरी गुरु अमृत की खान।
शीश दिये जो गुरु मिले तो भी सस्ता जान॥

यदि हमें ऐसा गुरु मिल जावे जो अमृत की खान हो और अपनी पावन इच्छा शक्ति द्वारा अभ्यासी को अमृत का पान कराता

रहे तो शीघ्र ही वह दिन आ जाता है कि विषैलापन दूर हो जाता है और आध्यात्मिकता के मार्ग में तीव्रगति से, बिना अधिक परिश्रम के चलने लगता है। केवल हमारी श्रद्धा, विश्वास एवं गुरु की कृपा ही आध्यात्मिकता के मार्ग के रोड़ों को मिटा देती है। सद्गुरु का मिल जाना ही सब कुछ मिल जाना है। अतः इसकी प्राप्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करनी चाहिए, कि हमें सद्गुरु मिल जावे जिससे जीवन सार्थक बन जावे।

उपरोक्त कथन का पुनः स्मरण करते हुए यही कहना है संसार में जीवन-मरण, यश-अपयश लाभ हानि लगी ही रहेगी। हम माया में जितना ही लिप्त होते जायेंगे उतनी वह भी अपने साथ लगी रहेगी और अनेकों समस्यायें लिए हुए एकदिन इस संसार से चला जाना पड़ेगा। जहां पर योगेश्वर कृष्ण, एवं मर्यादा पुरुषोत्तम राम हुए, जहाँ से संसार ने सभ्यता पाई, जहां वेदों का गान हुआ जहां से आध्यात्मिकता का अभ्युदय हुआ उसमें जन्म पाकर अपने को सौभाग्यशाली समझें और अपने वास्तविक ध्येय को पाने के लिए सद्गुरु की शरण में आकर सहज मार्ग का अनुसरण करके ईश्वर की प्राप्ति करें। ऐसे देश में जन्म लेने पर इसके लाभ से वंचित न रह सकें, अपने जीवन को सफल बनावें।

Way to peace

(Shri Ram Chandra Ji, President.)

The world today is in a state of extreme unrest. Everyone is crying for peace and rest. But all the efforts for the establishment of peace are merely external, touching only the outer aspects, where not an iota of peace can ever be traced out. As a matter of fact, peace is almost an impossibility unless mental condition is taken into account. We have really to seek for it with in ourselves, and for this alone one has to trace out proper means, if we are really earnest about it. In a word the real peace can be achieved by developing the real Light within. Every thing around will then look to be calm and peaceful when the mind is at rest. For the attainment of of peace we have therefore to mend and correct our mental condition only. This having been done, every thing outside will then appear to us in the same colour, reflecting peace and calmness all round. This is the only way for bringing about peace into the world. Thus it becomes essential for everyone to develop peace of mind within the individual self.

Numerous means are adopted for the purpose but the essential features seem to be sadly lacking everywhere.

The primary factors for it are Love, Service and Sacrifice, for which it is necessary to have the mind moulded accordingly. The regulation of of mind is therefore the basis of every Sadhana. The mind which in its primordeal was pure and regulatad, has. in its present state, been spoiled and polluted by the effects of our thoughts and actions. It is now our responsibility to mend and correct it, and all sadhanas must have the same purpose at the base.

